एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

क्षेत्रीय फिल्मों में काम से परेशानी नहीं : सनी लियोन

भारतीय मूल की कनाडियाई अभिनेत्री सनी लियोन का कहना है कि विभिन्न भाषाओं की फिल्मों में काम करने से उन्हें कोई परेशानी नहीं है। वह जल्द ही तमिल फिल्म में डेब्यू करने जा रही हैं। यह पूछने पर कि क्या वह अधिक क्षेत्रीय फिल्में करना चाहती हूं? इसके जवाब में सनी ने कहा,मैं केवल वही फिल्में करना चाहती हूं जो मुझे पसंद आती हैं और अगर वह अलग-अलग भाषाओं में हैं तो मुझे इससे कोई परेशानी नहीं।

सनी लियोनी जिनका असली नाम करनजीत कौर वोहरा है। वह फिल्म वीरमादेवी से तमिल फिल्म उद्योग में प्रवेश कर रही हैं। वीरमादेवी के निर्देशक वी.सी. वदिवुदायान हैं और इसमें नवदीप भी प्रमुख किरदार में नजर आएंगे। अपनी भविष्य की परियोजनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं काफी चीजों पर काम कर रही हूं लेकिन उनके बारे में खुलासा नहीं कर सकती हूं।

स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 नहीं होगी अनन्या पांडे की डेब्यू फिल्म?

बॉलिवुड ऐक्टर चंकी पांडे और भावना पांडे की खूबसूरत बेटी अनन्या बॉलिवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयारी हैं। वह इस समय करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 की शूटिंग कर रही हैं। अभी तक माना जा रहा था कि यही अनन्या की डेब्यू फिल्म होगी लेकिन अब कुछ और ही खबरें आ रही हैं।

हालिया रिपोर्ट्स की माने तो स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 अनन्या की पहली फिल्म नहीं होगी बल्कि रणवीर सिंह के साथ आने वाली गली बॉय उनकी पहली फिल्म होगी। स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 इस साल नवंबर में रिलीज होने वाली थी। हालांकि करण जौहर ने हाल में अपने ट्विटर हैंडल से इसकी रिलीज डेट टाले जाने की घोषणा की थी। अब यह फिल्म 2019 की गर्मियों में रिलीज होगी।

वहीं दूसरी तरफ जोया अख्तर के डायरेक्शन में बन रही फिल्म गली बॉय अगले साल वैलंटाइन्स डे पर रिलीज होगी। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट लीड रोल में हैं और अनन्या पांडे की इसमें स्पेशल अपीयरेंस होगी। इसलिए ऐसा कहा जा रहा है कि गली बॉय ही अनन्या की डेब्यू फिल्म होगी। हालांकि लीड रोल में स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 ही अनन्या की पहली फिल्म होगी। इस फिल्म में उनके साथ टाइगर श्रॉफ और तारा सुतारिया नजर आएंगे।

रणवीर सिंह के एक्टिंग की फैन हैं करीना कपूर

फिल्म तख्त में रणवीर सिंह के साथ करने जा रही करीना कपूर खान का कहना है कि वह एक असाधारण कलाकार हैं. करीना ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं आखिरकार करण (जौहर) और रणवीर के साथ फिल्म करने के लिए उत्साहित हूं. मैंने उनके साथ काम नहीं किया है, लेकिन मुझे पता है कि वह एक असाधारण कलाकार हैं और यह अद्भुत है

करीना ने कहा कि रणवीर के साथ ऐतिहासिक फिल्म तख्त में साथ काम करना सचमुच सम्मानजनक है. तख्त में भूमि पेडनेकर, आलिया भट्ट, अनिल कपूर, विक्की कौशल और जाह्नवी कपूर जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं. यह फिल्म करण जौहर द्वारा निर्देशित होगी.इस फिल्म में करण और करीना 17 वर्ष बाद साथ काम करेंगे. इससे पहले वे वर्ष 2001 में कभी खुशी कभी गम में साथ काम कर चुके हैं. तख्त एक परिवार, महत्वाकांक्षा, लालच, विश्वासघात, प्रेम और उत्तराधिकार की कहानी है. यह वर्ष 2020 में रिलीज होगी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में रणवीर सिंह और विक्की कौशल भाइयों की भूमिका में नजर आएंगे. वहीं करीना कपूर खान फिल्म में रणवीर सिंह की बहन की भूमिका में दिखाई देंगी और आलिया भट्ट फिल्म में रणवीर की प्रेमिका की भूमिका में नजर आएंगी. फिल्म की कहानी शाहजहां और मुमताज के बच्चों के इर्द गिर्द घूमते हुए नजर आएगी. बता दें, फिल्म को 2020 में रिलीज किया जाएगा. वर्कफन्ट पर रणवीर रोहित शेट्टी के आगामी फिल्म सिम्बा में नजर आएंगे. इसके साथ ही वह आलिया भट्ट के साथ फिल्म गली बॉय में नजर आएंगे. यह फिल्म जोया अख्तर डायरेक्ट कर रही हैं. इसके अलावा वह फिल्म 83 में भी नजर आने वाले हैं. यह फिल्म 1983 के वर्ल्डकप पर आधारित है, जिसमें रणवीर कपिल देव की भूमिका में दिखेंगे.

वरीना हुसैन की खूबसूरत तस्वीरों पर आ जाएगा दिल

वरीना हुसैन फिल्म लवरात्रि से आयुष शर्मा के साथ बॉलिवुड में डेब्यू के लिए तैयार हैं। कुछ दिनों पहले रिलीज हुए फिल्म के ट्रेलर की काफी तारीफ की जा रही है। ट्रेलर रिलीज के बाद खूबसूरत वरीना के फैंस की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। यहां इस यंग ऐक्ट्रेस की कुछ खूबसूरत तस्वीरें हैं, जिन्हें देखकर आपका दिल उन पर आ जाएगा। वरीना हुसैन को ऐक्टर सलमान खान अपने बहनोई आयुष शर्मा के साथ बॉलिवुड में लॉन्च कर रहे हैं। फिल्म लवरात्रि के ट्रेलर में वरीना की परफॉर्मेंस और उनकी खूबसूरती के कारण इन दिनों वह काफी चर्चा में हैं। फिल्म लवरात्रि से पहले वरीना एक चॉकलेट के विज्ञापन में स्क्रीन पर नजर आ चुकी हैं। विज्ञापन में उन्हें बेहद पसंद किया गया था। वरीना हुसैन इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी खूबसूरत फोटोज शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर वरीना के फॉलोवर्स भी लगातार बढ़ रहे हैं। वरीना हुसैन सिर्फ कैजुअल ही नहीं, ट्रेडिशनल लुक में भी बेहद खूबसूरत दिखती हैं। वरीना हुसैन के पिता इराकी और उनकी मां अफगानी हैं, जिससे खूबसूरती उन्हें विरासत में मिली है। इस खूबसूरत अभिनेत्री ने न्यू यॉर्क फिल्म अकैडमी से पढ़ाई की है।